February 9, 2025

**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street
Mumbai – 400 001

**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex
Bandra (East)
Mumbai – 400 051

**Scrip Code: 544008**

**SYMBOL: MAXESTATES**

**Sub: Newspapers publication regarding the publishing of Financial Results for the quarter and nine months ended December 31, 2024.**

Dear Sir/Madam,

Please find enclosed copies of publications in newspapers regarding the publishing of Unaudited Financial Results (both standalone and consolidated) for the quarter and nine months ended December 31, 2024.

This is for your information and records.

Thanking you,

Yours faithfully,

**For Max Estates Limited**

Abhishek Mishra
Digitally signed by Abhishek Mishra
Date: 2025.02.09 20:22:05 +05'30'

**Abhishek Mishra**
**Company Secretary & Compliance Officer**

**Encl:** a/a

भारतीयता, आध्यात्मिकता और मानवता के महोत्सव महाकुम्भ-2025, प्रयागराज में आज सपरिवार पवित्र त्रिवेणी संगम में पावन स्नान कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस पुनीत अवसर पर माँ गंगा, माँ यमुना और माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि व कल्याण हेतु प्रार्थना की। — भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान

# सड़क हादसों में चार की मौत

**जयपुर (एसएनबी)।** दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। भारतमाला हाईवे (जामनगर-अमृतसर) पर बिजनेसमैन और उनके भतीजे को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी सवार दोनों लोगों की मौत हो गई। दोनों लोग गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। दुर्घटना शुक्रवार रात करीब नौ बजे बालोतरा के सिवाना इलाके में हुई। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

सिवाना थानाधिकारी दिनेश डांगी ने बताया, पादरू गांव के रहने वाले विरमाराम प्रजापत (55) पुत्र आसुराम प्रजापत और उनका भतीजा जोगाराम प्रजापत (45) पुत्र सवालराम प्रजापत गृह प्रवेश समारोह में जसोल गए थे। वहां से वापस लौटते समय भारत माला हाईवे पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने घायलों को एम्बुलेंस से बालोतरा के राजकीय नाहटा हॉस्पिटल पहुंचाया। जांच के बाद दोनों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। उधर, स्थानीय लोगों ने प्रशासन से दोषी वाहन चालक को जल्द पकड़ने की मांग की है। विरमाराम पादरू गांव में किराने के व्यापारी थे। विरमाराम के दो लड़के व एक लड़की है। एक लड़के और एक लड़की की शादी हो चुकी है। एक लड़का विरमाराम के साथ किराने का काम संभालने में सहयोग करता है। जोगाराम पादरू गांव में टेलर का काम करता था। जोगाराम के एक लड़का तथा दो लड़कियां है। जोगाराम के तीनों ही बच्चों की अभी तक शादी नहीं हुई है।

■ भारतमाला हाईवे पर वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार दो की मौत, वहीं सिरोही में हुए हादसे में दो युवकों ने तोड़ा दम

वहीं दूसरा हादसा स्वरूपगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम को एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। भीलावा मोड़ पर दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में रामपुरा निवासी प्रकाश कुमार पुत्र रुपाराम की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल माधुराम पुत्र शंकर और तीजा पत्नी रुपाराम को स्थानीय लोगों ने स्वरूपगंज के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सिरोही ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। माधुराम की रास्ते में ही मौत हो गई। स्वरूपगंज पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर प्रकाश कुमार के शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और परिजनों को सूचना दी। माधुराम का शव सिरोही सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है। घायल महिला तीजा का सिरोही अस्पताल में इलाज जारी है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से मिली दिल्ली में प्रचंड जीत : शर्मा

**जयपुर (एसएनबी)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव-2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मिली प्रचंड और ऐतिहासिक जीत पर कहा कि अब दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनने से विकास होगा।

उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा की विजय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों और जनहितैषी योजनाओं पर दिल्ली के आमजन के अटूट विश्वास की मोहर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जो कहते हैं वह करते हैं, इसलिए दिल्ली की जनता ने यह जनादेश भाजपा को दिया है। उन्होंने इस जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व सभी वरिष्ठ नेताओं को और दिल्ली की जनता को बधाई दी।



जयपुर : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाते हुए। फोटो : एसएनबी

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेलर पलटने से ड्राइवर की मौत

**जयपुर।** दौसा जिले के सिकंदरा-गंगापुर मेगा हाईवे पर पत्थर से भरा ट्रेलर खाई में गिरने से ड्राइवर की मौत को गई। हादसा शनिवार सुबह मेहंदीपुर बालाजी थाना क्षेत्र में तालचिड़ा घाटी के मोड़ पर हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रेलर के केबिन में फंसे ड्राइवर के शव को बाहर निकाल सिकराय उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस ने बताया कि मासलपुर से पत्थर लेकर सिकंदरा स्टोन मार्केट में आ रहा ट्रेलर तालचिड़ा घाटी की पहाड़ी से उतरते वक्त बेकाबू होकर खाई में पलट गया। हादसे के वक्त वहां से गुजर रहे लोगों की सूचना पर बालाजी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद ड्राइवर को बाहर निकाल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान समय सिंह (50) पुत्र सुवालाल मीणा निवासी रतिया का पुरा थाना मासलपुर जिला करौली के रूप में हुई।

### युवक ने फंदा लगा दी जान

**जयपुर।** डूंगरपुर के रामसागड़ा थाना क्षेत्र के गामड़ी अहाड़ा लोडवाड़ा गांव में एक युवक ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। युवक महज दो दिन पहले ही अहमदाबाद से अपने घर लौटा था। घटना के समय घर पर केवल उसकी मां और बहन मौजूद थीं। थानाधिकारी गोपालनाथ के अनुसार कांकरी डूंगरी के खेतों में शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक प्रकाश खराड़ी (18) पुत्र रूपसी का शव उसके घर से लगभग 500 मीटर की दूरी पर स्थित नीम के पेड़ पर लटका हुआ था। घटना की जानकारी फैलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार प्रकाश गुजरात में नौकरी करता था। उसके पिता रूपसी भी गुजरात में ही रोजगार करते हैं। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



जयपुर : राज्यपाल हरिभाऊ बागडे शनिवार को राजभवन में भारत दर्शन यात्रा पर आए 35 विद्यार्थियों के दल के साथ। फोटो : एसएनबी

## राज्यपाल से भारत दर्शन यात्रा पर आए विद्यार्थी दल ने मुलाकात की

**जयपुर (एसएनबी)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शनिवार को राजभवन में भारत दर्शन यात्रा पर आए 35 विद्यार्थियों के दल ने मुलाकात की। सीमा सुरक्षा बल द्वारा आयोजित यह दल जम्मूतवी से जयपुर यात्रा पर आया हुआ है।

इस दौरान राज्यपाल से संवाद में उन्होंने भारत दर्शन यात्रा के अपने अनुभव साझा किए। राज्यपाल बागडे ने एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना के अंतर्गत इस तरह की यात्राओं को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने राजस्थान की संस्कृति, वीरता और शौर्य की चर्चा करते हुए गौरवमय अतीत से जुड़े राजस्थान के शौर्य और वीरता के किस्सेकहानियों में यहां के किले, महलों और मंदिरों के स्थापत्य के साथ राष्ट्रीयता से जुड़े मूल्यों पर विद्यार्थियों से संवाद किया। भारत दर्शन पर आए 35 विद्यार्थियों के इस दल में 20 लड़के और 15 लड़कियों सम्मिलित हैं।

■ राज्यपाल बागडे से भारत दर्शन यात्रा के अनुभव साझा किए

## पुलिस कांस्टेबल के 6500 पदों पर होगी भर्ती

**जयपुर (एसएनबी)।** पुलिस विभाग में कांस्टेबल के 6500 पदों पर भर्ती होगी। गृह विभाग ने इसकी मंजूरी दे दी है। अब जल्द ही नोटिफिकेशन जारी होने के साथ भर्ती प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

सरकार से पुलिस कांस्टेबल भर्ती के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। इसके साथ ही पुलिस विभाग में भर्ती और पदोन्नति बोर्ड के अतिरिक्त महानिदेशक विपिन कुमार पांडेय ने आरएसी बटालियन, जयपुर और जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के साथ ही प्रदेश के सभी पुलिस अधीक्षकों को पत्र भेजा है। इसमें उन्होंने जिलेवार पुलिस कांस्टेबल के खाली चल रहे पदों की जानकारी मांगी है।

■ गृह विभाग से मिली स्वीकृति जल्द जारी होगा नोटिफिकेशन

राजस्थान के पुलिस विभाग में कांस्टेबल के 6500 पदों पर भर्ती रिटर्न टेस्ट, फिजिकल टेस्ट और डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन के आधार पर की जाएगी। रिटर्न टेस्ट में शॉर्टलिस्ट अभ्यर्थियों को फिजिकल टेस्ट के लिए बुलाया जायगा। फिजिकल टेस्ट क्लियर करने वाले अभ्यर्थियों को डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया जाएगा। उसके बाद फाइनल मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में समान पात्रता परीक्षा सेकेंडरी लेवल पास करने वाले अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकेंगे। पिछले दिनों कर्मचारी चयन बोर्ड ने इस परीक्षा का आयोजन किया था।

## राजस्थान-एमपी के सीएम ने महाकुंभ में लगाई डुबकी

**जयपुर (एसएनबी)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मध्य प्रदेश (एमपी) के सीएम मोहनलाल यादव ने शनिवार को महाकुंभ में एक साथ डुबकी लगाई। इस दौरान राजस्थान के कैबिनेट मंत्री और विधायक भी साथ मौजूद रहे। उन्होंने भी संगम में स्नान किया।

दरअसल, मुख्यमंत्री शर्मा समेत राजस्थान के 115 मंत्री-विधायक शनिवार सुबह 7.20 बजे जयपुर से विशेष विमान के जरिए प्रयागराज पहुंचे। इसके बाद महाकुंभ में शामिल होकर संगम में डुबकी लगाई। संगम स्थल पर हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे पहले प्रयागराज रवाना होने पर जयपुर में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की यह एक अच्छी पहल है। हम सभी मंत्रिपरिषद के सदस्य, विधायक महाकुंभ में स्नान करेंगे। यह बेहद खुशी की बात है। इसके लिए हम सीएम भजनलाल का आभार व्यक्त करते हैं। उप मुख्यमंत्री डॉक्टर प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि आज हमारे मंत्री और विधायक राजस्थान और पूरे देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना करने के लिए महाकुंभ जा रहे हैं।

■ उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा, सीएम की यह एक अच्छी पहल

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि मंत्री और विधायकों को महाकुंभ में ले जाकर कैबिनेट की बैठक आयोजित करना एक अच्छा फैसला है। सनातन में कुंभ का विशेष महव है। हम वहां कैबिनेट की बैठक कर कुछ अच्छे फैसले लेंगे। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस के लोगों की बुद्धि मलीन हो गई है। उनके नेता तो खुद छुपकर कुंभ में जा रहे है। प्रयागराज महाकुंभ में रवाना होने से पहले उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने साथी विधायकों के परिजनों से मुलाकात की। बता दें कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इससे पहले 19 जनवरी को प्रयागराज पहुंचे थे।

## पेपरलीक का मास्टर माइंड जयपुर जेल से गिरफ्तार

**जयपुर (एसएनबी)।** हाईकोर्ट एलडीसी भर्ती परीक्षा-2022 पेपर लीक मामले में एसओजी ने मास्टर माइंड पोरव कालेर को जयपुर जेल से गिरफ्तार किया। दरअसल, रिमांड पर चल रहे नौ एलडीसी से पूछताछ में एसओजी को जानकारी मिली है कि पहले भी कई परीक्षाओं में पोरव ने पेपर लीक करवाए हैं। अब एसओजी पोरव और कोर्ट एलडीसी को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करेगी।

■ *हाईकोर्ट एलडीसी मामला :* पहले से गिरफ्तार नौ एलडीसी के सामने बैठाकर होगी पूछताछ

एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने बताया कि एसओजी की रिमांड पर चल रहे नौ एलडीसी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट को बताया गया कि इनके पास से मिली जानकारी का सत्यापन किया जा रहा है। इस पर कोर्ट ने सभी नौ आरोपियों को 10 फरवरी तक एसओजी के पास रिमांड पर भेजा है। एडीजी वीके सिंह ने बताया कि रिमांड मिलने के बाद पोरव को कोर्ट के आदेश पर जेल से गिरफ्तार किया गया है। पोवर कालेर कई परीक्षाओं में पेपर लीक करवा चुका है। पेपर लीक के साथ-साथ आरोपी ने कई परीक्षाओं में नकल कराने और पेपर लीक किए हैं। गिरफ्तार नौ एलडीसी से जो जानकारी मिली, उसकी पोरव कालेर से पुष्टि कराई जाएगी। फिर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एसओजी की रिमांड पर चल रहे कोर्ट एलडीसी द्रोपदी सिहाग, सुनीता, उमेश तंवर, सुमन भुखर, बीरबल जाखड़, सुरेश, राकेश कस्वां, विभीषण, रामलाल ने अन्य कोर्ट एलडीसी की भी जानकारी एसओजी को दी है। जो नकल कर पास हुए हैं। इस पर एसओजी की कुछ टीमें चार जिलों में सबूत जुटाने में लगी हुई हैं। वहीं पोरव ने भी कुछ समय पहले रिमांड के दौरान अन्य परीक्षाओं के लीक होने की जानकारी दी थी। इस पर भी टीमें अपने स्तर पर काम कर रही हैं।

## डमी कैंडिडेट बैठाकर रेलवे में हासिल की नौकरी

**कोटा (एसएनबी)।** परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठाकर महिला को रेलवे में नौकरी लगाने के मामले में सीबीआई की टीमों ने कोटा, करौली और अलवर में आरोपियों के ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई की। सीबीआई मामले में दस्तावेज जुटा रही है। आरोपियों के साथ रेलवे अधिकारियों की मिलीभगत को लेकर भी जांच की जा रही है।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय जबलपुर रेलवे विजिलेंस से सीबीआई को शिकायत मिली थी कि कोटा के सोगरिया रेलवे स्टेशन पर प्वाइंट्स मैन के पद पर कार्यरत महिला आशा मीणा ने रेलवे भर्ती परीक्षा की चयन प्रक्रिया में डमी लक्ष्मी मीणा की तस्वीरों, नकली पहचान, फिंगर प्रिंट का इस्तेमाल कर धोखाधड़ी पूर्वक नौकरी हासिल कर ली। मामले में सीबीआई ने प्वाइंट्स मेन आशा मीणा, डमी लक्ष्मी मीणा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। एक अन्य मामले में कोटा में करीब एक पखवाड़े पहले मनीष मीणा ने पत्नी सपना मीणा को रेलवे में नौकरी से बर्खास्त करने की मांग की थी। उसने बताया कि 2019 में आरआरबी बोर्ड अजमेर से ग्रुप डी की भर्ती में उसकी पत्नी ने ऑनलाइन आवेदन किया था। आवेदन के समय सपना का फोटो, साइन और फिंगर प्रिंट मिक्सिंग करके लगाए थे। बोर्ड ने 2023 में परीक्षा आयोजित की थी। इसमें सपना की जगह डमी ने परीक्षा दी।

## छात्रा से अश्लील हरकत करने के विरोध में ग्रामीणों का धरना

**जयपुर (एसएनबी)।** झुंझुनूं के मलसीसर थाना इलाके के एक सरकारी सरकारी स्कूल में छात्रा से अश्लील हरकत करने के मामले में आरोपी अध्यापक को 21 दिन बाद भी गिरफ्तार नहीं कर पाई। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने स्कूल सामने धरना शुरू कर दिया है। आरोपी शिक्षक की गिरफ्तार करने की मांग की गई है। धरने में पहुंचे मलसीसर थानाधिकारी को ग्रामीणों ने खूब खरी खोटी सुनाई। जान-बूझकर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार नहीं करने का आरोप भी लगाया।

■ आरोपी शिक्षक की गिरफ्तार करने की मांग, गिरफ्तार नहीं करने का लगाया आरोप

मलसीसर उपखंड क्षेत्र के सरकारी स्कूल में छात्रा से अश्लील हरकत का मामला 21 दिन पहले सामने आया था। इसके बाद विभाग ने अध्यापक को निलंबित कर दिया था। ग्रामीणों की मांग है कि आरोपी अध्यापक को बर्खास्त किया जाए और गिरफ्तार किया जाए। इसी मांग को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया और धरना शुरू किया।

सूचना पर मौके पर पहुंचे मलसीसर तहसीलदार महेश ओला, सीबीईओ राजेंद्र कुमार व थाना अधिकारी सुखदेव सिंह चारण ने लोगों को समझाया। ग्रामीणों ने पुलिस पर आरोप लगाए कि पुलिस जान-बूझकर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार नहीं कर रही है। शिक्षक को राजनीतिक संरक्षण है। इसलिए पुलिस हाथ नहीं डाल रही है। इससे पहले भी ग्रामीणों ने अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। इसमें ग्रामीणों ने अध्यापक को बर्खास्त करने की मांग की। साथ ही स्कूल के प्रधानाचार्य व उप प्रधानाचार्य का भी स्थानांतरण करने की मांग रखी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। थानाधिकारी सुखदेव सिंह ने बताया कि तलाश कर रहे हैं। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कांग्रेस ने बीकानेर में किया प्रदर्शन

**जयपुर (एसएनबी)।** अमेरिका से भारतीय युवाओं को डिपार्ट करते वक्त बेड़ियां डालने के मुद्दे पर प्रदर्शन कर रहे यूथ कांग्रेस के नेताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस ने शनिवार को बीकानेर के कोटगेट पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा सरकार के साथ ही पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। शनिवार सुबह ग्यारह बजे से ही कांग्रेस कार्यकर्ता कोटगेट पर एकत्र होना शुरू हो गए। धीरे-धीरे पुलिस बल भी बढ़ता चला गया। बारह बजे तक कोटगेट पर भारी संख्या में कांग्रेसी पहुंच गए। शहर व देहात कांग्रेस ने एक साथ मिलकर यहां विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने कहा कि अमेरिका ने भारतीय नागरिकों का अपमान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रवाद की बात करते हैं लेकिन इतनी बड़ी संख्या में नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। उनके हाथ और पैर में बेड़ियां बांधी गई। इसके बाद भी मोदी और ट्रम्प ने माफी नहीं मांगी। गहलोत ने शुक्रवार को कलक्टरी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीवार का विरोध करते हुए कहा कि इससे कांग्रेस डरने वाली नहीं है। पुलिस प्रशासन जनता के बजाय भाजपा के लिए काम कर रही है। देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम

गोदारा ने कहा कि यूथ कांग्रेस पर लाठीचार्ज करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज होना चाहिए। विरोध प्रदर्शन करना लोकतंत्र का हिस्सा है। प्रदर्शन पर लाठीचार्ज करके प्रशासन ने लोकतंत्र का गला घोटने का काम किया है।

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के 44 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी

**जयपुर (एसएनबी)।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले अपात्र व्यक्ति के लिए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा तीन दिसम्बर, 2024 से 'गिव अप' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत ऊपर वर्णित अपात्र व्यक्ति अपना नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिला रसद अधिकारी त्रिलोकचंद मीणा ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार कार्यालय जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम के द्वारा नोटिस जारी किये जा रहे हैं। जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम द्वारा 23 अपात्र लाभार्थियों एवं जिला रसद अधिकारी जयपुर द्वितीय द्वारा 21 अपात्र लाभार्थियों सहित कुल 44 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी किए गए हैं।

### करंट लगने से एक की मौत

**जयपुर (एसएनबी)।** करंट लगने से एक इलेक्ट्रिशियन की मौत हो गई। वह बिजली पोल पर चढ़कर काम कर रहा था। करंट का झटका लगने से पोल से नीचे आकर गिर गया था। हरमाड़ा थाना पुलिस ने शनिवार सुबह पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिसने बताया, करंट लगने से परसाराम (45) निवासी रलावता रेनवाल की मौत हो गई। वह पिछले करीब 25 साल से ईडन गार्डन कॉलोनी में इलेक्ट्रिशियन का काम करता था।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **तजिंदर कौर, पत्नीः प्रीतम पाल सिंह, निवासीः मकान नंबर 1726-27, A-ब्लॉक, जहांगीरपुरी, दिल्ली**ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.142/2024 U/s. 22/25/29 NDPS ACT N.D.O.H.21.03.2025** के तहत एक मामला **थाना प्रशांत विहार, नई दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **तजिंदर कौर** नहीं मिली या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **तजिंदर कौर** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **तजिंदर कौर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
धीरेन्द्र राणा
एल.डी. एएसजे/विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस)
DP/1067/RD/2025 कमरा नंबर 207, रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पवन**, पुत्र : श्री चांद सिंह **पताः** मकान नं. 63, मस्जिद वाली गली, गाँव मुंडका, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 616/2021 U/S 25/54/59 A. Act, थानाः प्रेम नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पवन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पवन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 616/2021 U/S 25/54/59 A. Act, थानाः प्रेम नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **पवन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री नवदीप गुप्ता
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी (उत्तर पश्चिम)
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/1321/RD/2025
(Court Matter)

**गुलमा-सिलीगुड़ी जंक्शन में बीपीएसी के लिए एचएएसएसडीएसी का प्रावधान**

ई-निविदा सूचना संख्या. S&T/APDJ/24 तारीखः 05-02-2025। नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी -द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया है। निविदा संख्या. AP-ST-24-2024-25। कार्य का नामः गुलमा-सिलीगुड़ी जंक्शन खंड में बीपीएसी के लिए एचएएसएसडीएसी के साथ विश्वसनीयता में सुधार हेतु ब्लॉक पैनल एवं यूएफएसबीआई का प्रावधान कराना। निविदा राशिः ₹1,29,04,433/-। धरोहर राशिः ₹2,14,500/-। निविदा जमा करने की अंतिम तारीख एवं समयः 03-03-2025 तारीख के 15.00 बजे में एवं खुलेगीः 03-03-2025 तारीख के ई-निविदा बंद होने के बाद। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा प्र-पत्र के साथ संपूर्ण विवरण www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

डीआरएम (एसएंडटी), अलीपुरद्वार मंडल
पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

**MAX ESTATES LIMITED**

CIN: L70200DL2016PLC438718
Corporate Office: Max Towers, L-20, C-001/A/1, Sector-16B, Noida-201301, Uttar Pradesh, India
Registered Office: Max House 1, Dr. Jha Marg, Okhla Phase 3, Opposite Okhla Railway Station, Okhla Industrial Estate, South Delhi, New Delhi, India, 110020
Website: www.maxestates.in

**STATEMENT OF UNAUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2024**

The Board of Directors of the Company, at the meeting held on February 7, 2025, approved the unaudited financial results of the Company, for the quarter and nine months ended December 31, 2024.

The results are available on the Stock Exchange websites, www.nseindia.com and www.bseindia.com, and on the company's website (URL: https://maxestates.in/wp-content/uploads/2025/02/20250207OutcomeofBoardMeeting.pdf). The same can be accessed by scanning the Quick Response Code provided below.

Place: Noida
Date: February 7, 2025

By Order of the Board
For **Max Estates Limited**
**Sd/-**
**Sahil Vachani**
**Vice-Chairman & Managing Director**

***Note** - The above intimation is in accordance with Regulation 33 read with Regulation 47(1) of the SEBI (Lisiting Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015*

**पश्चिम रेलवे**

सामग्री प्रबंधन विभाग

ई–प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना सं. : एस/09/2025 दिनांक 05–02–2025

| क्र.सं. | आइटम का संक्षिप्त वर्णन | प्रमात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 70 | व्हील प्रोफाइलिंग इन्सटर्स | 5782 नग | 04.03.2025 |
| 71 | माइक्रोप्रोसेस आधारित इलेक्ट्रॉनिक स्पीड इंडीकेटिंग, रिकार्डिंग और एनर्जी मानीटरिंग सिस्टम (ईएसएमओएन) | 80 नग | 05.03.2025 |
| 72 | वर्टीकल टेक ऑफ केबल हेड | 68 नग | 06.03.2025 |
| 73 | 10mm मोटी कम्पोजिट ग्रूव्ड रबर सोल प्लेट | 3005000 नग | 06.03.2025 |
| 74 | डब्ल्यूएजी 7 लोकोमोटिव्स के वास्ते 3 शंटिंग नोचेज के लिए आरएस रेजिस्टर फील्ड वीकनिंग पंच्ड ग्रिड एलीमेंट्स के साथ | 25 नग | 07.03.2025 |
| 75 | हाई वोल्टेज एचआरसी फ्यूज | 7996 नग | 26.03.2025 |

विस्तृत सूचना, ईएमडी, क्रय प्रतिबंधों और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in तथा www.wr.indianrailways.gov.in देखें। 1050

• हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें : twitter.com/WesternRly